Important Questions भक्ति – सूफी परंपराएं || Class 12 History Chapter 6 in Hindi ||

1 अंक वाले प्रश्न

<u>प्रश्न 1</u> भक्ति आंदोलन का क्या अर्थ है?

<u>उत्तर</u> समय के साथ साथ समाज में कई ऐसे लोगों उभरे जिन्होंने प्रचलित धर्मों की कमियों का विरोध किया एवं एक   नए मार्ग की स्थापना की ऐसे ही लोगों के विकास एवं उनके विचारों के प्रसार को भक्ति आंदोलन कहा गया

<u>प्रश्न 2</u>   अलवार कौन थे?

<u>उत्तर</u> आलवार (अर्थ : 'भगवान में डुबा हुआ') तमिल कवि एवं सन्त थे। इनका काल 9ठी से 6वीं शताब्दी के बीच रहा।   उनके पदों का संग्रह "दिव्य प्रबन्ध" कहलाता है जो 'वेदों' के तुल्य माना जाता है। आलवार सन्त भक्ति आन्दोलन के जन्मदाता माने जाते हैं।

<u>प्रश्न 3</u>   सूफीवाद से आप क्या समझते हैं?

<u>उत्तर</u> सूफ़ीवाद' एक तरह का इस्लामिक रहस्यवाद है. हालांकि ग़ैर-मुस्लिम समाज के लोग इसे इस्लाम का ही एक   पंथ या धारा मानने की ग़लती कर बैठते हैं. 'सूफ़ीवाद' इस्लाम का एक पहलू है.

<u>प्रश्न 4</u>   सूफी विचारधारा में मुर्शीद का क्या महत्व है?

<u>उत्तर</u> गुरु मुर्शीद का महत्व- सूफी मत में गुरु, पीर हैदरी का अत्यधिक महत्व हैं.   इसके अंतर्गत पैगंबर मोहम्मद को मुख्य शिक्षक माना जाता था   उनके पश्चात उनका एक शिष्य, शिक्षक बना और इसी तरीके से शिक्षक की मृत्यु के पश्चात उनका शिष्य शिक्षक बन जाता था

<u>प्रश्न 5</u>   उलमा कौन थे?

<u>उत्तर</u> उलमा इस्लाम धर्म के ज्ञाता थे। उलमा से यह अपेक्षा की जाती थी कि वे शासन में शरिया का पालन करवायेंगे। प्राय: उलमा को काजी , न्यायाधीश ,अध्यापक आदि के पदों पर नियुक्त किया जाता था।

<u>प्रश्न 6</u>   मुस्लिम संतों की दरगाहों पर भक्त क्यों आते हैं?

<u>उत्तर</u> दरगाहों पर प्रार्थना या सेवा की पेशकश के बाद उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। भक्त दरगाहों पर प्रार्थना करते हैं, मन्नत मांगते हैं और लंगर के लिए योगदान देते हैं। **दरगाहों** को पंजाब के परिदृश्य में भारतीय उपमहाद्वीप के विभाजन से पहले भी देखा जा सकता था।

प्रश्न 7 कबीर को भक्ति का मार्ग दिखाने वाले कौन थे?

उत्तर रामानन्द

प्रश्न 8 अलवारों और नयनारो का जाति प्रथा के प्रति कोई एक दृष्टिकोण बताएं?

उत्तर अलवार और नयनार संतों ने जाति प्रथा व ब्राह्मणों की प्रभुता के विरोध में आवाज़ उठाई। यह बात सत्य प्रतीत होती है क्योंकि भक्ति संत विविध समुदायों से थे जैसे ब्राह्मण, शिल्पकार, किसान और कुछ तो उन जातियों से आए थे जिन्हें "अस्पृश्य" माना जाता था।

प्रश्न 9 चिश्ती उपासना पद्धति का वर्णन करें?

उत्तर चिश्तिया सूफ़ीवाद का एक संप्रदाय है। यह संप्रदाय प्यार, सहनशीलता और खुलेपन के कारण प्रसिद्ध है।

प्रश्न 10 गुरु नानक के बाद गुरु पद पर कौन आए?

उत्तर गुरु अंगद देव

प्रश्न 11 सूफी पंथ का संबंध किस धर्म से है?

उत्तर 'सूफ़ीवाद' एक तरह का इस्लामिक रहस्यवाद है. हालांकि ग़ैर-मुस्लिम समाज के लोग इसे इस्लाम का ही एक पंथ या धारा मानने की ग़लती कर बैठते हैं

प्रश्न 12 सगुण भक्ति क्या है

उत्तर सगुण भक्ति के अंदर ईश्वर को एक आकार दिया जाता है।

प्रश्न 13 वीरशैव परंपरा का उद्भव कहां हुआ था?

उत्तर इतिहासकारों के एक दृष्टिकोण के मुतबिक सिन्धु घाटी सभ्यता के लोग स्वयं वीरशैव थे और भारत का मूल निवसि माना है। वीरशैव की सभ्यता को द्राविड सभ्यता कहते हैं

https://www.evidyarthi.in/